# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

**मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ**

वेबसाइटः **hajcommittee.up.gov.in** ; ई–मेल : **hajcommittee.up@gmail.com**

पत्रांक : जी–।।/1069/एस0एच0सी/2025 दिनांक : 08.07.2025

## –: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई द्वारा हज सत्र 2026 की अधिकारिक घोषणा कर दी गयी है। हज–2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in व हज सुविधा एप पर दिनांक 07 जुलाई, 2025 से अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) किये जा सकेंगे।

हज–2026 (1447 हि0) की आवश्यक तैयारियों हेतु निम्न निर्देश व समय सीमा निर्धारित की गयी हैं जिसके अन्तर्गत इच्छुक हज आवेदकों को अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी :–

- हज–2026 हेतु पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है। हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होगा।
- हज–2026 के आवेदन हेतु पासपोर्ट दिनांक आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 या उससे पूर्व तक जारी होना चाहिए तथा जिसकी वैद्यता 31 दिसम्बर, 2026 तक होना आवश्यक है।
- हज आवेदन फार्म में कम दिनों सम्भवतः 20 दिन हेतु आवेदन करने का विकल्प रखा गया है जिसके लिए सामान्य हज से अधिक व्यय की सम्भावना है। कम अवधि के पैकेज में सीमित सीटें उपलब्ध रहेंगी। अधिक आवेदन आने पर उनका चयन लाटरी से किया जायेगा। कम अवधि के हज यात्री केवल सात (07) उड़ान स्थल से रवाना हो सकेंगे, जिसमें अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोचित, दिल्ली, हैदराबाद, मुम्बई।
- आवेदन करते समय हज आवेदकों को पासपोर्ट साइज़ फोटो, पासपोर्ट का प्रथम पृष्ठ, अन्तिम पृष्ठ, ऐडरेस प्रूफ, बैंक खाते का विवरण जिसमें कैंसल्ड चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति अपलोड की जायेगी।
- आवेदन करने के बाद केवल मृत्यु या गम्भीर बीमारी के कारण से ही आवेदन निरस्त किये जा सकेंगे अन्यथा की स्थिति में अर्थदण्ड के रुप में जमा धनराशि काटी जायेगी। इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि आवेदन से पहले हज गाइडलाइंस को अच्छी तरह पढ़ लें तभी आवेदन करें। गाइडलाइंस शीघ्र वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन ज़िलों में स्थापित ई–सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे, एण्ड्रायड व आई0फोन के माध्यम से भरे जा सकते हैं। उ0प्र0 राज्य हज समिति के कार्यालय में स्थापित ई–सुविधा केन्द्र क्रियाशील कर दिया गया है। जिसपर तैनात कर्मचारी का मोबाइल नम्बर 7905953578, 7310103534 है।

Digitally signed by Sheo Prakash Tiwari
Date: 08-07-2025 15:15:53

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त ई–सुविधा केन्द्र, समस्त जनपद, उ0प्र0।
8. समस्त प्रशिक्षक/ समस्त स्टेट हज इंस्पेक्टर–हज–2025, उ0प्र0।
9. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी